पत्र सूचना शाखा

(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में निर्माणाधीन ताल रिंग रोड फेज–2 परियोजना का निरीक्षण किया, कार्यों को गुणवत्ता के साथ के पूर्ण करने के निर्देश

रोड पर बनने वाले जेट्टी के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया

ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण के आस–पास के सभी नालों को टैप किया जाए

लखनऊ : 14 फरवरी, 2026

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में निर्माणाधीन ताल रिंग रोड फेज–2 परियोजना का निरीक्षण कर कार्यों की अद्यतन स्थिति तथा सड़क के डिजाइन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यों को गुणवत्ता के साथ के पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आर0के0बी0के0 की तरफ से रोड के समीपवर्ती एरिया को व्यवस्थित किया जाए।

इसके उपरान्त मुख्यमंत्री जी ने रोड पर बनने वाले जेट्टी के निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण के आस–पास के सभी नालों को टैप किया जाए। उल्लेखनीय है कि लगभग 42 करोड़ रुपये की लागत से आर0के0बी0के0 से सहारा स्टेट तक का ताल रिंग रोड फेज–2 के अन्तर्गत 4.02 कि0मी0 सड़क एवं रिटेनिग वॉल सहित अन्य निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री जी ने झारखण्डी महादेव मन्दिर तथा मुक्तीश्वरनाथ मन्दिर में दर्शन–पूजन किया।

इस अवसर पर सांसद श्री रवि किशन शुक्ल, महापौर डॉ0 मंगलेश श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

———————